Total No. of Printed Pages—8

HS/XII/A/h/22

2022

HINDI (ELECTIVE)

Full Marks : 100

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पाठ्य-पुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) 'सत्य' कविता में युधिष्ठिर एवं विदुर का उल्लेख हुआ है।

(ख) 'भरत-राम का प्रेम' 'रामचरितमानस' के अरण्यकांड से लिया गया है।

(ग) मलिक मुहम्मद 'जायसी' ज्ञानाश्रयी शाखा के सर्वश्रेष्ठ कवि माने जाते हैं।

(घ) शेख अब्दुल्ला के नेतृत्व में पंडित जवाहरलाल नेहरू का काश्मीर में भव्य स्वागत किया गया।

(ङ) 'बिस्कोहर की माटी' पाठ में मालवा प्रदेश का चित्रण किया गया है।

(च) 'कच्चा चिट्ठा' पाठ में यास्सेर अराफात की बात की गई है।

(छ) प्रभाष जोशी मूलतः पत्रकार थे।

(ज) 'दूसरा देवदास' एक निबंध है।

(झ) देवसेना मालवा के राजा बंधुवर्मा की बेटी थी।

(ञ) 'आरोहण' कहानी में पर्वतीय प्रदेशों में रहने वाले लोगों के जीवन के यथार्थ को दर्शाया है।

(ट) वैदिक काल में हिन्दुओं में लाटरी चलती थी।

(ठ) 'भग्नदूत' अज्ञेय द्वारा रचित एक उपन्यास है।

2. निम्नलिखित शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(जैन, मोती, दुःख, कुतूहल, भसींड़, युधिष्ठिर, स्पेशल, नागमती, मधुकरियों, गॉड फ़ादर, देशभक्त, विक्रमादित्य)

(क) 'बारहमासा' कविता में कवि ने नायिका _____ के विरह का वर्णन किया है।

(ख) मैंने भ्रमवश जीवन संचित _____ की भीख लुटाई।

(ग) पसोवा एक बड़ा _____ तीर्थ है।

(घ) कमल की नाल को _____ कहते हैं।

(ङ) _____ आरती यानि एक सौ एक या एक सौ इक्यावन रुपये वाली।

(च) शेखर कपूर उसके _____ कपूर साहब का लड़का है।

(छ) _____ की सार्थकता उसके गहरे समुद्र से बाहर निकालकर लाने वाले गोताखोर के साथ जुड़ी है।

(ज) यदि हम किसी तरह _____ जैसा संकल्प पा जाते हैं।

(झ) अपनी बेबसी का इतना _____ उसे कभी न हुआ था।

(ञ) इस पुरातत्त्व की दृष्टि में प्रेम और _____ का एक अद्‌भुत मिश्रण रहता था।

(ट) उन्हीं दिनों सेवाग्राम में अनेक जाने-माने _____ देखने को मिले।

(ठ) _____ और भोज और मुंज रिनेसा के बहुत पहले हो गए थे।

3. सबसे सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) अज्ञेय ने किसे स्नेह-भरा, गर्व-भरा एवं मदमाता कहा है?

(i) दीप

(ii) मोती

(iii) पंक्ति

(iv) गीत

(ख) ''कंठ रुकता जा रहा है, आ रहा है काल देखो''—यह किस कविता की पंक्ति है?

(i) सत्य

(ii) गीत गाने दो मुझे

(iii) यह दीप अकेला

(iv) देवसेना का गीत

(ग) किस पाठ में हर की पौड़ी, हरिद्वार का उल्लेख हुआ है?

(i) सुमिरिनी के मनके

(ii) कच्चा चिट्ठा

(iii) दूसरा देवदास

(iv) प्रेमघन की छाया-स्मृति

(घ) ''वेदशास्त्रज्ञ धर्माचार्यों का ही काम है कि घड़ी के पुर्जों को जानें।'' यह उक्ति किस पाठ की है?

(i) कच्चा चिट्ठा

(ii) आरोहण

(iii) दूसरा देवदास

(iv) सुमिरिनी के मनके

(ङ) कौन-सा पाठ भीष्म साहनी की आत्मकथा 'आज के अतीत' का एक अंश है?

(i) कच्चा चिट्ठा

(ii) सूरदास की झोंपड़ी

(iii) गाँधी, नेहरू और यास्सेर अराफात

(iv) आरोहण

(च) 'रामचरितमानस' किस भाषा में रचित है?

(i) ब्रज

(ii) अवधी

(iii) संस्कृत

(iv) हिन्दी

(छ) ''खंभा टेकि खड़ी जैसे नारि मुगलाने की''—किसके संबंध में कहा गया है?

(i) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(ii) लक्ष्मीनारायण चौबे

(iii) भगवानदास हालना

(iv) उपाध्याय बदरीनारायण चौधरी

(ज) 'देवसेना का गीत' प्रसाद के किस नाटक से लिया गया है?

(i) स्कंदगुप्त

(ii) चंद्रगुप्त

(iii) राजश्री

(iv) ध्रुवस्वामिनी

(झ) मिठुआ किस रचना का पात्र है?

(i) बिस्कोहर की माटी

(ii) आरोहण

(iii) सूरदास की झोंपड़ी

(iv) अपना मालवा खाऊ उजाड़ू सभ्यता में

(ञ) ''लिओनार्दो द विंची ने पहाड़ को देखकर कहा था कि मेरी मोनालिसा यहाँ है''—यह उक्ति किस पाठ की है?

(i) आरोहण

(ii) कच्चा चिट्ठा

(iii) बिस्कोहर की माटी

(iv) दूसरा देवदास

(ट) निम्नलिखित में से किस वर्ष में मालवा में सिर्फ़ 15·75 इंच पानी गिरा था?

(i) 1896

(ii) 1897

(iii) 1898

(iv) 1899

(ठ) 'नंगातलाई का गाँव' नामक आत्मकथा के लेखक कौन हैं?

(i) भीष्म साहनी

(ii) रामचन्द्र शुक्ल

(iii) विश्वनाथ त्रिपाठी

(iv) संजीव

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) कवि ने आशा को बावली क्यों कहा है?

(ख) 'गीत गाने दो मुझे' कविता किससे लड़ने की शक्ति देती है?

(ग) राम के चरित्र की एक विशेषता बताइए।

(घ) 'दूसरा देवदास' कहानी के नायक का नाम क्या है?

(ङ) कोइयाँ किसे कहते हैं?

(च) वृक्षों से पत्तियाँ तथा वनों से ढाँखें किस महीने में गिरते हैं?

(छ) धरती का वातावरण किस गैस के कारण गरम हो रहा है?

(ज) गाँव वालों ने उपवास क्यों रखा था?

(झ) रामचन्द्र शुक्ल के पिताजी के चरित्र की एक विशेषता लिखिए।

(ञ) 'लोटस' पत्रिका के प्रधान संपादक का नाम क्या था?

(ट) सूरदास कौन था?

(ठ) शेक्सपीयर के प्रसिद्ध नाटक का नाम क्या था?

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *दो-दो* वाक्यों में दीजिए (कोई **पाँच**) : 2×5=10

(क) अनुप्रास अलंकार को परिभाषित कीजिए।

(ख) विभाव का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ग) यमक अलंकार का एक उदाहरण दीजिए।

(घ) वीर रस की परिभाषा लिखिए।

(ङ) व्यंजना शब्दशक्ति की परिभाषा लिखिए।

(च) लक्षणा शब्दशक्ति का एक उदाहरण दीजिए।

(छ) निम्नलिखित रसों का स्थायी भाव लिखिए :

(i) करुण रस

(ii) वीभत्स रस

6. निम्नलिखित पद्यों/अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 7×2=14

(क) चढ़कर मेरे जीवन-रथ पर,
प्रलय चल रहा अपने पथ पर।
मैंने निज दुर्बल पद-बल पर
उससे हारी-होड़ लगाई।

अथवा

मातु मंदि मैं साधु सुचाली। उर अस आनत कोटि कुचाली।।
फरह कि कोदव बालि सुसाली। मुक्ता प्रसव कि संबुक काली।।
सपनेहुँ दोसक लेसु न काहू। मोर अभाग उदधि अवगाहू।।
बिनु समुझें निज अघ परिपाकू। जारिउँ जायँ जननि कहि काकू।।

(ख) दूसरे की मुद्रा की झनझनाहट गरीब आदमी के हृदय में उत्तेजना उत्पन्न करती है। उसी का आश्रय लिया। मैंने अपने जेब में पड़े हुए रुपयों को ठनठनाया। मैं ऐसी जगहों में नोट-वोट लेकर नहीं जाता। केवल ठनठनाता। उसकी बात ही और होती है।

अथवा

न यहाँ जाति का महत्त्व था, न भाषा का, महत्त्व उद्देश्य का था और वह सबका समान था, जीवन के प्रति कल्याण की कामना। इस भीड़ में दौड़ नहीं थी, अतिक्रमण नहीं था और भी अनोखी बात यह थी कि कोई भी स्नानार्थी किसी सैलानी आनंद में डुबकी नहीं लगा रहा था। बल्कि स्नान से ज्यादा समय ध्यान ले रहा था।

7. 'देवसेना का गीत' कविता में निहित भावों को स्पष्ट कीजिए। 9

अथवा

पठित पदों के आधार पर राम वनगमन के पश्चात् भरत की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

अथवा

'यह दीप अकेला' कविता में निहित भावों को स्पष्ट कीजिए।

8. 'दूसरा देवदास' नामक कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 9

अथवा

'कच्चा चिट्ठा' पाठ में निहित विचारों को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

लेखक का यास्सेर अराफात के साथ व्यतीत किए गए क्षणों का अनुभव अपने शब्दों में लिखिए।

9. 'अपना मालवा खाऊ उजाड़ू सभ्यता में' पाठ के माध्यम से लेखक क्या संदेश देना चाहता है? 8

अथवा

'बिस्कोहर की माटी' नामक पाठ का उद्देश्य लिखिए।

अथवा

'सूरदास की झोंपड़ी' नामक पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

10. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *200* शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) विश्व में बढ़ता आतंकवाद

(ख) समय का सदुपयोग

(ग) मेरा प्रिय साहित्यकार

(घ) मेघालय के प्रमुख पर्व

(ङ) महँगाई की समस्या

★★★